कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

कीर्ति बंसल पुत्री श्री रमेश बंसल, निवासी सी–41 फेज–4, धर्म कांटे के पीछे, झालाना डूंगरी, जयपुर जिला जयपुर

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 54/2022

निर्णय

दिनांक 18.5.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी कोषाधिकारी दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2022/1004 दिनांक 06.05.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा ने पत्र क्रमांक:कैश/आरटीआई/2022–23/190 दिनांक 12.05.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क जमा कराने हेतु दिनांक 13.4.2022 के द्वारा लिखा गया था, परन्तु अपीलांट द्वारा आज दिनांक तक निर्धारित शुल्क जमा नहीं कराया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना हेतु निर्धारित शुल्क जमा नही कराने से यह विदित होता है कि अपीलांट सूचना प्राप्त नहीं करना चाहती है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.06.10 10:42:34 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर दौसा

Web Copy - Not Official

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा